तापमान

अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 25 जून 2026

12 लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय था आपातकाल, सात लाख हुए बेघर



12 राजकीय आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ, छात्रों को रोजगार देने वाली ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण



## खबर संक्षेप

### हजारों की हेरोइन के साथ एक नशातस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिले की स्पेशल सेल टीम ने ड्रेन कच्चा रास्ता रायपुर के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार स्पेशल सेल टीम के सह उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि ड्रेन कच्चा रास्ता रायपुर के पास युवक नशीले पदार्थ के साथ घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 32 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### गोली से जख्मी युवक ने सात दिन बाद तोड़ा दम

**अंबाला।** दुखेड़ी गांव में 17 जून को रंजिश के कारण सिर व पेट में दो गोलियां लगने से घायल हुए केशव ने रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक सप्ताह से केशव एमएम अस्पताल में वेंटीलेटर पर जिंदगी की जंग लड़ रहा था। पड़ाव थाना पुलिस ने इस मामले में हत्या की धारा को भी जोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार, गोलीकांड के दो दिन पहले आरोपी अंकित की केशव के साथ बहस हुई थी। आरोपियों ने धमकाया था कि उसे कुछ ही दिन में जान से मार देंगे।

### रंजिश के चलते युवक को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव रामपुर खादर के पास रंजिश के चलते आधा दर्शन युवकों ने गांव रामबांस खदरी निवासी अमन को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपियों को नामजद करते हुए चार-पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रामबांस खदरी निवासी अमन ने बूड़िया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 21 जून को रामपुर खादर गांव में गया था।

### मारुति में नौकरी के नाम पर ठगे तीन लाख 41 हजार

**यमुनानगर।** शहर की जवाहर नगर कॉलोनी में गुरूग्राम स्थित मारुति कंपनी में नौकरी लगवाने के नाम पर व्यक्ति से 3.41 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप रवि नामक युवक पर लगा है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की पत्नी की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जवाहर नगर कॉलोनी निवासी ज्योति ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पति नवीन कुमार रोजगार की तलाश में था।

## सीआईए थाने पर एम्बुलेंस रोकी, ताऊ के परिवार की गिरफ्तारी पर अड़े

# पानीपत में 16 वर्षीय छात्र की मौत के बाद जीटी रोड पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बड़ौली गांव के 16 वर्षीय छात्र की मौत के बाद जीटी रोड पर जमकर हंगामा हुआ। परिजन रोड पर ही बेटे का शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। परिवार की महिलाएं शव के पास बैठकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करती रहीं। हंगामा बढ़ता देख मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस की तैनाती कर दी गई। डीएसपी ने खुद मृतक शेखर की मां को मोबाइल में आरोपियों की गिरफ्तारी की वीडियो दिखाई। जब पुलिस शव को उठाने की कोशिश करने लगी, शेखर की बहन एम्बुलेंस के आगे अड़ गई। करीब 2 घंटे हंगामे के बाद आरोपियों की गिरफ्तार की बात सुनकर परिजन युवक का शव बड़ौली गांव ले जाने के लिए राजी हुए। हालांकि पानीपत टोल प्लाजा के पास परिजनों ने सीआईए थाने के सामने फिर एम्बुलेंस रुकवा ली और सभी पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। पुलिस पहले ही 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। शेखर पर 22 अप्रैल को उसके ताऊ के परिवार ने हमला कर दिया था। मंगलवार रात शेखर ने इलाज के दौरान रोहतक पीजीआई में दम तोड़ दिया।

### मिनी सचिवालय के सामने हंगामा

मंगलवार रात इलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में शेखर की मौत हो गई। इसके बाद परिजन बुधवार दोपहर शेखर का शव लेकर पानीपत जीटी रोड पहुंच गए। यहां मिनी सचिवालय के सामने परिवार ने शेखर का शव रोड पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया।

### ताऊ के परिवार की गिरफ्तारी की मांग

परिजनों का कहना है कि मामले में अब तक 2 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि इस वारदात में 2 महिलाओं सहित कुल 5 लोग शामिल थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए महिलाएं जीटी रोड पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगी। हंगामा बढ़ता देख दोपहर करीब 2 बजे डीएसपी भी मौके पर पहुंच गए और परिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की वीडियो दिखाने लगे।

### सीआईए थाने के बाहर दोबारा हंगामा

पुलिस के आश्वासन के बाद कुछ ग्रामीण शेखर का शव उठाने के लिए राजी हो गए, हालांकि शेखर की बहन एम्बुलेंस के आगे ही अड़ गई। इसके बाद ग्रामीण शेखर का शव लेकर बड़ौली गांव जाने लगे, मगर टोल प्लाजा के पास सीआईआ थाने के पास एम्बुलेंस रुकवाकर दोबाराक आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हंगामा करने लगे।







### ऑटो हटाने को लेकर विवाद

पानीपत के बड़ौली गांव के रहने वाले रामेश्वर का ऑटो घर के बाहर गली में खड़ा रहता था। रामेश्वर का बड़ा भाई कृष्ण लाल अक्सर इस ऑटो को गली से हटाने के लिए कहता था। 22 अप्रैल को दोनों के बीच इसे लेकर बहस भी हुई। ताऊ के परिवरा ने रास्ता रोकाः रामेश्वर का कहना है कि इसके बाद मैं और बेटा शेखर (16) गली से होकर घर आ रहे थे। इसी दौरान कृष्ण लाल और उसके परिवार के अजय, विजय, बिमला और लोकेशा ने उनका रास्ता रोक लिया। कृष्ण यहां हमारे साथ गाली-गलौज करने लगा। मारपीट कर ऑटो का शीशा तोड़ाः रामेश्वर के अनुसार, आरोपियों ने शेखर के सिर में इंटरलॉक ईंट मार दीं। ईंट लगते ही वो रास्ते पर गिर गया। इसके बाद शेखर गंभीर रूप से घायल हो गया। कृष्ण ने मेरे सिर में कई लाठियां मारीं। ऑटो का फ्रंट शीशा भी तोड़ दिया।

### 2 महीने चला इलाज

परिजनों ने गंभीर हालत में शेखर को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पीजीआई में ही करीब 2 महीने से शेखर का इलाज चल रहा था। 23 जून की रात शेखर ने पीजीआई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।परिवार का इकलौता बेटा था शेखर सिर में गंभीर चोट होने के कारण शेखर पिछले 2 महीने से वेंटिलेटर के सहारे ही सांसें ले पा रहा था। मंगलवार रात उसने इलाज को दौरान दम तोड़ दिया। शेखर माता- पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें भी हैं। वहीं शेखर पानीपत के ही एक स्कूल में 9वीं का छात्र था।

### घटना पर क्या बोले पानीपत एसपी

पानीपत के एसपी भूपेंद्र सिंह का कहना है कि 307 का केस दर्ज किया गया है। अब तक 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब शेखर की मौत के बाद उन्हें दोबारा रिमांड पर लिया जाएगा। अब फिर परिवार की शिकायत दर्ज की जा रही है। केस को सीआईए को ट्रांसफर किया गया है। परिवार का कहना है कि इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर ने बदतमीजी की थी, उसे भी लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## जेई को धमकी देने के विरोध में इंजीनियरों ने दिया धरना, एफआईआर की मांग




■ कोहंड में ठेकेदार पर फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कोहंड गांव में सीवर कार्य के दौरान एक कनिष्ठ अभियंता को कथित रूप से जान से मारने की धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मॉडल टाउन स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय के बाहर धरना देकर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कोहंड गांव में हाउस सीवर कनेक्शन एवं इंस्पेक्शन चैंबर निर्माण का कार्य चल रहा है। आरोप है कि 19 जून को एक ठेकेदार ने कनिष्ठ अभियंता संजीव कुमार को फोन कर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर इंजीनियरों में रोष व्याप्त है।

एसोसिएशन ने कहा कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार, धमकी या दुर्व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन अपने सदस्यों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पदाधिकारियों ने विभाग से मामले का तत्काल संज्ञान लेने और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

धरने में जिला प्रधान सुनील कटारिया, जिला सचिव श्रीभगवान, रणबीर शर्मा, विनोद, गौरव, राकेश, वीरेंद्र राणा, संजीव, राकेश गौतम, बलजीत शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### रंगदारी मामले के आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने रंगदारी मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने रंगदारी मांगने के आरोपी संदीप कुमार वासी पलवल जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 जून 26 को थाना कृष्णा गेट पुलिस दी अपनी शिकायत में शहर वासी एक व्यक्ति ने बताया कि 19 जून को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई जिसे वह उठा नहीं सका। उसके बाद थोड़ी देर बाद उसने वपस उसी नंबर पर कॉल किया तो उसने 50 लाख रुपए की मांगा की। उसके बाद उसके मोबाइल पर कई बार कॉल आई और पैसे मांगे तथा पैसे न देने पर परिवार को देख लेने की धमकी दी। उसके बाद उसकी पत्नी के मोबाइल पर भी कॉल और मेसेज आया। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई थी। अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक प्रतीक के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणदीप सिंह, मुख्य सिपाही दिनेश, सिपाही अमित व राहुल की टीम ने रंगदारी मामले के आरोपी संदीप कुमार वासी पलवल जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया।

## ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से जगाधरी हाईवे पर यातायात हुआ प्रभावित

■ रोज हाईवे पर लग रहा है जाम, वाहन चालक बेहद परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से अंबाला-जगाधरी राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। राजमार्ग पर लगे ट्रैफिक सिग्नल शोपीस बनकर रह गए हैं जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि ये ट्रैफिक सिग्नल विशेष रूप से दोपहर और शाम के समय काम करना बंद कर देते हैं। को दोपहर में लाइटें बंद होने की वजह से चौराहों पर हर तरफ से वाहन फंसे दिखाई दिए। ऐसे हालात हादसे का कारण बनते हैं।

### बंद सिग्नलों से बढ़ा हादसों और जाम का खतरा, टांगरी चौक सबसे अधिक प्रभावित

यातायात एसएचओ जोगिंदर सिंह ने बताया कि लाइटों की समस्या को ठीक कराया जा रहा है। इनका पालन भी कराया जाएगा। अंबाला जगाधरी राजमार्ग पर दिनभर डंपर गुजरते रहते हैं। सिग्नल व्यवस्था ठप होने से यह डंपर तेज गति से शहर में प्रवेश करते हैं। खासकर एसडी विद्या स्कूल के सामने काफी तेज रफ्तार से जाते हैं। इस दौरान कभी भी हादसा हो सकता है। इसके साथ ही आंतरिक सड़कों पर जाम के हालात भी बन जाते हैं। वहीं पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों की जान भी जोखिम में है।राजमार्ग पर टांगरी नदी के पास लगाए गए सिग्नल पर इस समय सबसे ज्यादा दबाव देखा जा रहा है। यहां टांगरी बांध की तरफ से आने वाला भारी ट्रैफिक सीधे राजमार्ग के यातायात से टकराता है। सिग्नल न चलने के कारण बांध की ओर से आने वाले वाहन राजमार्ग के ट्रैफिक में व्यवधान पैदा कर रहे हैं, जिससे यहां पल-पल पर लंबा जाम लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां टांगरी की तरफ से आने वाले लोगों को कभी लाइट ठीक मिलती है तो वह इतनी लंबी होती है कि गर्मी में इंतजार करना मुश्किल हो जाता है।

## कबूतर उड़ा रहे दो किशोर करंट से झुलसे, चंडीगढ़ रेफर

**अंबाला।** बोह गांव में छतों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर दो किशोर झुलस गए। करंट का झटका लगते ही कार्तिक व कुणाल दूर जाकर गिरे। आवाज सुनकर जैसे ही कुणाल की मां साक्षी छत पर पहुंचीं तो कार्तिक के कपड़ों में आग लगी थी। उसे बुझाते समय साक्षी की भी उंगलियां झुलस गईं। पुलिस की गाड़ी में दोनों किशोर को उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल में लाया गया। यहां से उन्हें चंडीगढ़ जीएमसीएच-32 रेफर कर दिया।घायल कुणाल की मां साक्षी ने बताया कि उनका बेटा कुणाल छठी कक्षा का छात्र है और उसे कबूतर पालने का शौक है। घर की छत पर कुणाल ने चार से पांच कबूतर पाल रखे हैं। रोजाना की तरह वह अपने पड़ोस में रहने वाले कार्तिक के संग छत पर खेल रहा था। कबूतर को उड़ाने के लिए लोहे की पाइप संग लगी छतरी को हिला रहे थे कि अचानक वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही दोनों झुलसकर एक हमारी छत को दूसरा पड़ोसी की छत पर गिर गया था।

## कुपोषण पर निर्णायक प्रहार, बच्चों के लिए विशेष पोषण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ थेरेप्यूटिक फीडिंग से कुपोषित बच्चों का होगा उपचार

जिले में कुपोषण से लडऩे के लिए मध्यम तीव्र कुपोषण और गंभीर तीव्र कुपोषण से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु थेरेप्यूटिक फीडिंग आधारित पायलट परियोजना शुरू की गई है। राज्य सहायता मिशन हरियाणा द्वारा एसजेएचआईएफएम के माध्यम से संचालित इस कार्यक्रम के तहत सिविल अस्पताल में विशेष स्क्रीनिंग शिविर लगाकर कुपोषित बच्चों की पहचान और स्वास्थ्य जांच की गई। परियोजना का संचालन सिविल सर्जन डॉ. विजय मलिक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस पहल में आंगनवाड़ी केंद्रों, नागरिक अस्पताल और पोषण पुनर्वास केंद्र के बीच समन्वय मजबूत किया गया है। एनआरसी में बच्चों को एफ. 75 और एफ. 100 जैसे विशेष थेरेप्यूटिक आहार दिए जा रहे हैं तथा उनकी नियमित चिकित्सकीय निगरानी की जा रही है। राज्य सहायता मिशन की टीम, स्वास्थ्यकर्मी और गीता विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। परियोजना का उद्देश्य कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार, तीव्र कुपोषण के बोझ को कम करना और बच्चों को बेहतर पोषण व सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है।



**पानीपत।** बच्चों की स्क्रीनिंग करते कर्मचारी ।

## सात साल बाद केयू में 3600 रुपये ग्रेड-पे फाइल ने पकड़ी रफ्तार

■ 180 कर्मचारियों के पे-फिक्सेशन चार्ट ऑडिट ब्रांच को भेजे गए, हाईकोर्ट सुनवाई से पहले बढ़ी उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (केयू) में पिछले सात वर्षों से लंबित पड़े 3600 रुपये ग्रेड-पे मामले में आखिरकार महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पहली बार इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए 180 याचिकाकर्ता कर्मचारियों के पे-फिक्सेशन चार्ट तैयार कर उन्हें ऑडिट ब्रांच को सत्यापन के लिए भेज दिया गया है। याचिकाकतार्ओं के प्रतिनिधि एवं सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविंदर सचदेवा ने बताया कि 18 मई 2026 को कुलपति के साथ हुई बैठक के बाद यह कार्रवाई संभव हो सकी। कुलपति के निदेर्शों के अनुरूप विश्वविद्यालय की स्थापना शाखा ने माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 15 जुलाई 2019 के आदेश के अनुसार पे-फिक्सेशन चार्ट तैयार किए हैं। इन चार्टों में 1 जनवरी 2006 से सहायकों को 4000 रुपये तथा अधीक्षकों को 4800/5400 रुपये मॉडिफाइड ग्रेड-पे का लाभ शामिल किया गया है।



अकाउंट्स ब्रांच द्वारा जांच पूरी करने के बाद 23 जून 2026 की शाम को ये दस्तावेज अंतिम सत्यापन हेतु ऑडिट ब्रांच को भेज दिए गए। गौरतलब है कि इस मामले से जुड़ी अवमानना याचिका की अगली सुनवाई 8 जुलाई 2026 को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में निर्धारित है। ऐसे में कर्मचारियों को उम्मीद है कि ऑडिट ब्रांच समयबद्ध तरीके से सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेगी, जिससे वर्षों से लंबित एरियर भुगतान का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। इस बीच, मार्च 2015 में दायर 3600 रुपये ग्रेड-पे बहाली याचिका में शामिल न रहे 389 अन्य प्रभावित कर्मचारियों को भी लाभ दिलाने की मांग तेज हो गई है। कर्मचारियों के अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने 20 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय प्रशासन को कानूनी नोटिस भेज कर सभी पात्र कर्मचारियों को समान लाभ प्रदान करने की मांग की है। दविंदर सचदेवा तथा सेवानिवृत्त अधीक्षक राम सरूप नरकतारी ने कुलपति से आग्रह किया है कि कार्यरत एवं सेवानिवृत्त सभी प्रभावित कर्मचारियों को 3600 रुपये ग्रेड-पे का लाभ देकर हाईकोर्ट के आदेशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित की जाए।

## श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी महाराज के श्रीअखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के साथ शुरू हुआ समागम

# गुरुद्वारा पातशाही छठी में धार्मिक समागम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में धन धन साहिब श्रीगुरु हरगोबिन्द साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव को समर्पित सात दिवसीय धार्मिक समागम का बुधवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। समागम की शुरूआत धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के आरंभ के साथ हुई। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, बीबी जसबीर कौर मसाना, हरमनप्रीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, बीबी करतार कौर, सुखजिंदर सिंह मसाना सहित बड़ी संख्या में संगत ने हाजिरी भरकर गुरु चरणों में शीश नवाया। संगत ने सरबत के भले की अरदास करते हुए चौर साहिब की सेवा भी की। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि गुरु हरगोबिन्द साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व हर वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु इस समागम में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि संगत की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। बीबी जसबीर कौर मसाना ने बताया कि 29 जून को प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में विशाल नगर कीर्तन सजाया जाएगा, जिसकी अगुवाई पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारे करेंगे। वहीं इंद्रजीत सिंह ने बताया कि समागम के दौरान विभिन्न संस्थाओं द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर श्रद्धालुओं को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।



**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में श्री अखंड पाठ साहिब की पहली लड़ी के दौरान पाठ करते पाठी सिंह।

### मीरी-पीरी संस्थान के स्टाफ की सैलरी में आई दिक्कत

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि शाहाबाद स्थित मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में कुछ अड़चनें आने के कारण डॉक्टरों, कर्मचारियों और अन्य स्टाफ को वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से अपील की कि जब तक यह अड़चन दूर नहीं हो जाती, तब तक वह संस्थान के डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन जारी रखे। उन्होंने कहा कि जैसे ही समस्या का समाधान होगा, एचएसजीएमसी संस्थान के डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन देना शुरू कर देगी।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा साहिब से 80 हजार की नकदी चोरी

**यमुनानगर।** शहर के चांदपुर स्थित गुरुद्वारा साहिब की ग्रिल तोड़कर चोरों ने गुल्लक से 80 हजार रुपये चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार मंदिर वाली गली गांधीनगर निवासी गुलजार सिंह ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 जून की रात को चांदपुर गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के बाद सभी श्रद्धालु अपने-अपने घर चले गए थे। रात को चोरों ने गुरुद्वारा साहिब में घुसकर ग्रिल तोड़कर अंदर गुल्लक से 80 हजार रुपये की राशि चोरी कर ली।

### सास पर लगाया बेटे के शोषण का आरोप

**यमुनानगर।** एक बहू ने अपनी सास पर उसके 10 वर्षीय बेटे का यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी सास के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि जब उसका 10 वर्षीय बेटा अपनी दादी के साथ रहता था। तब उसकी सास ने उसके बेटे का यौन शोषण किया। महिला ने अपनी शिकायत में घटना का समय जून 2023 से सितंबर 2026 के बीच बताया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिस महिला (दादी) पर ये गंभीर आरोप लगे हैं, वह फिलहाल शहर में नहीं है।

### कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

**यमुनानगर।** बिहार निवासी सोहन ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह व्यासपुर स्थित कुणाल कैल्शियम फैक्ट्री में काम करता है। उसका भाई 21 वर्षीय सुधीर भी उसके पास ही फैक्ट्री में काम करता है। देर शाम साढ़े आठ बजे के करीब उसका भाई सुधीर फैक्ट्री से छुट्टी कर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में हड़तौल रोड पर पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने उसके भाई को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुधीर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे में घायल सुधीर को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति घायल

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव सादिकपुर के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव लवाना निवासी रॉकी ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 जून को वह अपनी पत्नी 32 वर्षीय हिमानी के साथ बाइक पर किसी काम से गया था। शाम को साढ़े छह बजे जब वापस घर लौट रहे थे तो गांव सादिकपुर के पास तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उन दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी पत्नी हिमानी की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गन प्वाइंट पर महिला से छीना सोने का मंगलसूत्र

**यमुनानगर।** लाल द्वारा कॉलोनी में बीती रात गन प्वाइंट पर स्कूटी पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने एक व्यक्ति की गर्दन पर पिस्तौल तान दी और उसकी पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ति सचिन कोठारी ने बताया कि वह मूल रूप से देहरादून का रहने वाला है और पिछले करीब दो वर्षों से यमुनानगर में किराए के मकान में रह रहा है। मंगलवार रात वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सब्जी लेकर घर लौट रहा था। घर पहुंचने पर उसने स्कूटी रोकी और पत्नी को गेट खोलने के लिए कहा। इसी दौरान पीछे से एक स्कूटी पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे। सचिन ने बताया कि आते ही एक बदमाश ने उसकी गर्दन पर पिस्तौल तान दी। वहीं दूसरे बदमाश ने स्कूटी पर बैठी उसकी पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया।

---

### सरस्वती नगर के राजस्व संपदा मौजा सबलपुर में अनधिकृत निर्माण पर जिला नगर योजनाकार विभाग सख्त

# दो एकड़ में खड़ी हो रही थी अवैध कॉलोनी, पहले दिया नोटिस, नहीं माने तो चला दिया बुल्डोजर

### किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैनात रहा भारी पुलिस बल



यमुनानगर। राजस्व संपदा मौजा सबलपुर में अनधिकृत कॉलोनी में जेसीबी मशीन से तोड़ फोड़ की कार्रवाई करते हुए जिला नगर योजनाकार विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नियंत्रित क्षेत्र के राजस्व संपदा मौजा सबलपुर में दो एकड़ में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ढहा दिया। मौके पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अपनी मेहनत से कमाई गई पूंजी को अनाधिकृत कालोनी में निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि राजस्व संपदा मौजा सबलपुर में एक अनाधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार वह अपने स्टाफ सदस्यों के साथ प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए आयुष विभाग यमुनानगर के एएमओ ड़ॉ. विशाल सैनी के नेतृत्व में मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। इस दौरान जेसीबी मशीन की मदद से अनाधिकृत कालोनी में बनाई गई सड़कें व अन्य निर्माण कार्य को तोड़ फोड़कर ध्वस्त कर दिया।

जिला नगर योजनाकार अधिाकारी राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। वहीं, भूमालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी निर्माण पर तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई।

#### मेहनत की कमाई को अनधिकृत कॉलोनी में न करें निवेश

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने आमजन से अनाधिकृत कालोनियों में प्लाट आदि खरीदने के लिए अपनी पूंजी निवेश नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई अनाधिकृत कालोनी में निवेश करता है तो वह इसके लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नपा ने अवैध कब्जे से मुक्त भूमि पर शुरू की तारबंदी



रादौर। डेहा बस्ती में अवैध कब्जे से मुक्त नपा की भूमि पर तारबंदी करते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

- अवैध कब्जा करने वालों ने बना लिया था मकान, नगर पालिका प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर कराया खाली

नगर पालिका रादौर द्वारा गत दिनों नपा की भूमि पर डेहा बस्ती में छुड़वाई गई करोड़ों रुपये की भूमि को कब्जे में लेकर तारबंदी का कार्य शुरु कर दिया गया है। उक्त जानकारी नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने दी।

नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु ने बताया कि डेहा बस्ती में कब्जाधारियों से मुक्त करवाई गई नगरपालिका की भूमि पर काफी मात्रा में मलबा पड़ा हुआ है। जिसे नपा द्वारा उठवाया जा रहा है और उसके चारों तरफ तारबंदी लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि डेहा बस्ती में कुछ लोगों द्वारा नपा की भूमि पर अवैध कब्जा करके मकान बनाए हुए थे। मगर अब प्रशासन द्वारा अवैध कब्जाधारियों से नपा की भूमि को छुड़वा दिया गया है। जिस पर अब

---

# सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्धारित की है आवेदन करने की अंतिम तिथि



उपायुक्त प्रीति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कारों पद्यम विभूषण, पद्यम भूषण व पद्यमश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने दी है।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। नामांकन करने वाले व्यक्ति एक व्याख्यात्मक प्रशंस्ति पत्र (अधिकतम 800 शब्द) भी जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्रविषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियों,सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख हो प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों,दिव्यांग लोगों तथा समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले लोगों में से उन प्रतिभावान व्यक्तियों की पहचान हेतु मिलकर प्रयास किए जाएं। जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धि वास्तव में सम्मान की हकदार हैं।

उन्होंने बताया कि कि पद्यम पुरस्कार, पद्यम विभूषण, पद्यम भूषण और पद्यमश्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों,सेवाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं।

#### जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्यम पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण पद्यम पुरस्कारों के लिए ऑनलाईन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर पुरस्कार और पदक शीर्षक के तहत व कानून और नियम वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

---



### रादौर बस स्टैंड पर किया वाटर कूलर का शुभारंभ

**रादौर।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा जलसेवा अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ पेयजल सेवा के लिए वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं। बुधवार को रादौर के बस स्टैंड पर वाटर कूलर लगवाया गया। उद्घाटन हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने किया। पलाका ने सांसद नवीन के जलसेवा अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल सदैव जनसेवा और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। आमजन को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु चलाया जा रहा उनका जलसेवा अभियान समाज के प्रति उनकी सेवा भावना और समर्पण को दर्शाता है। उनका यह अभियान एक अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है, जिससे लोगों को राहत मिल रही है। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल जनता को स्वच्छ पेयजल जलसेवा अभियान को मानव सेवा मानते हैं। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा अपने निजी कोष से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के प्रमुख बस स्टैंडों, चौक एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं, ताकि प्रतिदिन हजारों यात्री, विद्यार्थी, किसान, मजदूर, दुकानदार एवं आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण और जल संरक्षण करना बेहद जरूरी : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर




यमुनानगर। समर कैंप के समापन पर कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते बच्चे।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल भवन यमुनानगर में आयोजित किए जा रहे 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी एवं परिषद के आजीवन सदस्य गोबिंद सिंह भाटिया ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह ने की। समर कैंप में 165 बच्चों ने भाग लिया। मौके पर शिविर के समापन पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया।

मुख्यातिथि एवं परिषद के आजीवन सदस्य गोबिंद सिंह भाटिया ने कहा कि हमें भावी पीढ़ी के लिए पर्यावरण स्वच्छता और जल संरक्षण करना बेहद जरुरी है। क्योंकि जल के बिना जीवन नहीं है। उन्होंने बच्चों को व्यर्थ में जल नहीं बहाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने बच्चों को पर्यावरण स्वच्छता के लिए अपने आसपास साफ सफाई रखने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए आहवान किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह ने बताया कि समर कैंप के दौरान बच्चों को म्यूजिक, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग और फायरलेस कुकिंग जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां सिखाई गईं।

---

## न्यूज डायरी



### समृद्धि की कामना को लेकर लगाया भंडारा

**रादौर।** परशुराम सभा रादौर की ओर से बुधवार को रादौर के त्रिवेणी गार्डन पैलेस में वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभा के सदस्य कुलदीप शर्मा बबलू ने बताया कि सभा की ओर से शहर व क्षेत्र के लोगों की सुख शांति के लिए भंडारे का आयोजन करवाया जाता रहा है। जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करते है। भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन कर सभी के लिए मंगल कामना की गई। उन्होंने कहा कि सभी को समाज कल्याण के कार्यों में अवश्य भाग लेना चाहिए।



### छबील लगाकर बुझाई लोगों की प्यास

**रादौर।** वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से बुधवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में प्रेम गैस एजेंसी के पास जलजीरे की छबील लगाई गई। एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया के नेतृत्व में आयोजित छबील में सदस्यों ने हजारों लोगों को जलजीरा पिलाकर उनकी प्यास बुझाई। एसोसिएशन के प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से निर्जला एकादशी पर जलजीरे की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा करने का काम किया है। क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इस अवसर पर प्रधान भगवतदयाल कटारिया, संरक्षक सुशील अग्रवाल, मास्टर प्रवेश कुमार, मास्टर गुरचरण सिंह, मास्टर रविंद्र शर्मा, मुकेश अरोड़ा मक्की, सतीश कांबोज आदि मौजूद थे।



### समाज सेवा से जुड़े रहना है मुख्य ध्येय : सैनी

**रादौर।** सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उतरप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी से मिला। राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने जनहित और सामाजिक एकता पर जोर दिया। सैनी ने कहा कि उनका विजन सिर्फ सत्ता का नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बने रहना है। ऐसे बड़े नेताओं के मार्गदर्शन से क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने और विकास की नई दिशा देने में हौसला मिलता है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री 24 घंटे में से 18 घंटे अपनी हरियाणा की जनता को देते हैं। हरियाणा की जनता के लिए उनके लिए 24 घंटे दरवाजे खुले रहते हैं। उन्होंने सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी के बारे में कहा है कि संदीप सैनी एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं जो अपने रादौर की जनता की सेवा करने में लगे रहते हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज की ऐसे ही सेवा करनी चाहिए। मौके पर दीपक सैनी, जगन चौहान, सचिन, श्याम सैनी, डॉ.गुरदीप शर्मा व राजू गुप्ता आदि मौजूद थे।

### युवक पर लगाया पीछा कर छेड़छाड़ का आरोप

यमुनानगर। शहर की एक कालोनी निवासी युवती ने युवक पर उसका पीछा कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय युवती ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कॉलोनी का ही कारणदीप भाटिया पिछले काफी दिन से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। वह जब भी घर से बाहर जाती आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता और उसके साथ छेड़छाड़ करता। उसने कई बार आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि आठ मई को वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान आरोपी ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। परेशान होकर उसने आरोपी के खिलाफ परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कारणदीप भाटिया के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

### अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने की मिल चुकी है मंजूरी

# विकास कार्यों की बढ़ेगी रफ्तार, बेहतर होंगी सुविधाएं

### मेयर सुमन बहमनी ने सरकार का जताया आभार



यमुनानगर। सरकार द्वारा कालोनियों को नियमित करने की मंजूरी दिए जाने पर मेयर सुमन बहमनी का धन्यवाद करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा यमुनानगर एवं जगाधरी क्षेत्र की वर्ष 1996 के सर्वेक्षण के दौरान अनियमित रह गई 70 से अधिक कॉलोनियों को नियमित करने की मंजूरी प्रदान की गई है। उस समय जारी अधिसूचना में तकनीकी त्रुटि के कारण कॉलोनियों के बजाय उनमें बने भवनों को नियमित कर दिया गया था। जिससे कॉलोनियां अनियमित बनी रहीं। अब कॉलोनियों को नियमित करने की मंजूरी मिलने से इन क्षेत्रों में विकास कार्यों का मार्ग प्रशस्त होगा। मेयर सुमन बहमनी ने कालोनियों को नियमित करने की मंजूरी दिए जाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्थानीय विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और राज्य सरकार का आभार जताया है। मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम सदन की बैठक में शहर की अनियमित कालोनियों को नियमित करने के लिए प्रमुखता से मुद्दा उठाया था। इस संबंध में उन्होंने सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री तथा संबंधित अधिकारियों से भी इस संबंध में बातचीत की थी। जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर जगाधरी की अनियमित कालोनियों को नियमित करने की मंजूरी दी गई। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि शहर की प्रोफेसर कॉलोनी पार्ट टू, छोटा मॉडल टाउन, लाल द्वारा रोड समेत 70 से अधिक कॉलोनियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया।

इन कॉलोनियों के अनियमित होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। स्पष्ट सीमांकन न होने से प्रॉपर्टी आईडी को एनडीसी पोर्टल से नहीं जोड़ा जा सका था। जिससे भवन नक्शों की स्वीकृति तथा संपत्तियों की खरीद फरोख्त में भी कठिनाइयां आ रही थीं।

#### पार्षदों ने मेयर का किया धन्यवाद

ट्विन सिटी में 70 से अधिक कालोनियों के नियमित किए जाने पर स्थानीय पार्षदों ने निगम कार्यालय में पहुंचकर मेयर सुमन बहमनी का धन्यवाद किया है। पार्षदों का कहना है कि कालोनियों को नियमित करवाए जाने में मेयर सुमन बहमनी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## खबर संक्षेप

### कुवि में गुरु गोबिंद सिंह चेयर के लिए समिति गठित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार विश्वविद्यालय में स्थापित गुरु गोबिंद सिंह चेयर के कार्यों की देखरेख के लिए एक विशेष समिति का गठन किया है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह चेयर कार्यकारी परिषद (ईसी) के प्रस्ताव के तहत स्थापित की गई थी, जिसके कार्यभार को सुचारू रूप से चलाने के लिए अब इस नई समिति को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### कुवि के 21 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 21 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी से देवीलाल, एजुकेशन से चंचल, बायोटेक्नोलॉजी (यूआईईटी) से लक्ष्मी व तमन्ना, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से विजय हसन पुरी व आरती शर्मा, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग से शिवम गंगवार, एआईएच से मोनू व नरेन्द्र सैनी, म्यूजिक से अमरजीत सिंह, लॉ से मनिंदर सिंह व संसार सिंह आदि शामिल है।

## फरवरी से नहीं मिला मानदेय, बैंक प्रक्रिया में देरी बनी बड़ी वजह

# महीनों से रुकी तनख्वाह पर भड़का आशा वर्कर्स का गुस्सा

*समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज करने की दी चेतावनी*

*प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर लंबित वेतन जारी करवाने की मांग*


थानेसर। धरने पर बैठी आशा वर्कर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

पिहोवा के रामगढ़ रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में आशा वर्कर्स का धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कई महीनों से लंबित मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर आशा वर्कर्स लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। धरने में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए सरकार और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। आशा वर्कर्स यूनियन की जिला एवं राज्य उपाध्यक्ष रानी देवी ने कहा कि डॉक्टरों के तबादले के बाद बैंक में हस्ताक्षर अपडेट करने की प्रक्रिया में देरी होने के कारण फरवरी माह से आशा वर्कर्स का मानदेय रुका हुआ है। इस लापरवाही का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार ने कहा कि डिजिटल इंडिया के दावों के बावजूद बैंक और विभागीय प्रक्रियाओं में अनावश्यक देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि कई महीनों से वेतन न मिलने के कारण आशा वर्कर्स को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से तुरंत हस्तक्षेप कर लंबित वेतन जारी करवाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने को गीता, सिंदर, पूजा, नीरज, सुरजीत, दर्शना, गुरमीत, जसप्रीत, सुमन, राज कौर, मुखर्जी सहित अन्य आशा वर्कर्स ने संबोधित किया।

## ट्रेड डील के विरोध में सरकार का फूंका पुतला



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के कार्यकतार्ओं ने बुधवार को ट्रेड डील के विरोध में भाजपा जिला कार्यालय के बाहर सरकार का पुतला फूंककर जोरदार विरोध जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के जिला प्रधान संजू नंबरदार, महासचिव संजीव आलमपुर और दिलबाग सिंह ने किया। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रस्तावित डील को तुरंत वापस लेने की मांग की। नेताओं ने कहा कि यदि यह ट्रेड डील लागू हुई तो देश की खेती और किसान दोनों पर गंभीर संकट आएगा। उनके अनुसार यह समझौता कृषि क्षेत्र के हित में नहीं है और इससे उत्पादन लागत बढ़ने के साथ-साथ किसानों की आय पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार किसानों की समस्याओं को अनदेखा कर रही है। संजू नंबरदार, संजीव आलमपुर और दिलबाग सिंह ने कहा कि किसान पहले ही महंगाई, डीजल-खाद के बढ़ते दाम और फसलों के उचित मूल्य न मिलने से परेशान हैं।

# अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों को किया नष्ट


कुरुक्षेत्र। अवैध कॉलोनी पर चलता पीला पंजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 4 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 4 एकड़ में बनी अवैध कालोनी में बने सीवरेज व डीपीसी के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।उन्होंने कहा कि डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा थानेसर के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 4 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें।

# एन्यूमरेशन फार्म बांटने का शाहबाद विस में 99.46% व लाडवा में 97.61% काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला की चारों विधानसभाओं में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चला हुआ है। एन्यूमरेशन फार्म बांटने में शाहाबाद विधानसभा ने 99.46 प्रतिशत व लाडवा विधानसभा ने 97.61 प्रतिशत कार्य को पूरा कर लिया है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने थानेसर विधानसभा व पिहोवा विधानसभा में इस काम में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शाहाबाद विधान के सभी 185 बूथों के 172945 मतदाताओं में से 172011 मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इसी तरह लाडवा विधानसभा के सभी 217 बूथों में 197903 मतदाताओं में से 193179 मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिहोवा विधानसभा के सभी 204 बूथों में 189078 मतदाताओं में से 168706 मतदाताओं को और थानेसर विधानसभा के सभी 204 बूथों में 223905 मतदाताओं में से 181898 मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इन फार्मों



को भरकर वापस बीएलओ को दिया जाना है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एन्यूमरेशन फार्म को 6 प्रकार से भरा जाना है। जिन मतदाताओं का नाम 2002 की मतदाता सूची हैं, उनका स्वयं की डिटेल व 2002 का रिकॉर्ड भरा जाएगा। जिन मतदाताओं का 2002 की मतदाता सूची में नहीं है उनके परिजनों (माता-पिता) की 2002 सूची का रिकॉर्ड फार्म में भरा जाएगी। जिन मतदाताओं व उनके परिजनों (माता-पिता) का 2002 की मतदाता सूची में नाम नहीं है, उनके दादा-दादी के मतदाता सूची रिकॉर्ड को फार्म में भरा जाएगा।



## महिला सशक्तिकरण के लिए सेवा ट्रस्ट यूके की पहल, महिलाओं को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा खेड़ी ब्राह्मण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के जिला अध्यक्ष पवन मित्तल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में पवन मित्तल ने कहा कि सेवा ट्रस्ट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई केंद्र, कंप्यूटर शिक्षा, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार केंद्रों का संचालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि अंबाला के साहा गांव में सेवा धाम के नाम से एक मल्टी-फैसिलिटी होम का निर्माण किया गया है, जहां समाज कल्याण से जुड़ी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दुर्लभ बीमारी ड्यूशेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ति बच्चों की सहायता के लिए 6655 वर्ग गज क्षेत्र में सेवा धाम का निर्माण किया गया है। यहां बच्चों को बेहतर सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ महिलाओं के लिए विभिन्न स्किल डेवलपमेंट कोर्स भी संचालित किए जाएंगे। ऊषा सिलाई सेंटर की वॉलंटियर सुनीता देवी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, छात्राओं और नवजात कन्याओं के परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है।

# कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ और एनआईटी की डॉ. तन्वी गुप्ता को मिला भारतीय पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र की डॉ. तन्वी गुप्ता द्वारा विकसित पर्यावरण-अनुकूल उच्च-प्रदर्शन कंक्रीट की टेक्नोलॉजी को भारतीय पेटेंट मिला है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा और डॉ. तन्वी गुप्ता द्वारा विकसित इस टेक्नोलॉजी में औद्योगिक अपशिष्टों का उपयोग करके पर्यावरण अनुकूल उच्च प्रदर्शन वाला कंक्रीट तैयार किया गया है। इसमें स्टेनलेस स्टील उद्योग से प्राप्त एओडी स्टील स्लैग और जिंक निष्कर्षण का उप-उत्पाद जारोसाइट को सीमेंट के


प्रो. सोमनाथ


डॉ. तन्वी गुप्ता।

आंशिक प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया गया है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 19 मिलियन टन स्टील स्लैग और 0.5 मिलियन टन जारोसाइट उत्पन्न होता है, जो वर्तमान में लैंडफिल में डंप किया जाता है और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा करता है। इस नवाचार से इन अपशिष्टों को मूल्यवान निर्माण सामग्री में बदला जा सकेगा।

### हरित निर्माण में क्रांतिकारी

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि यह पेटेंट सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन, संसाधन संरक्षण, लागत बचत और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में महत्वपूर्ण योगदान तथा सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी। डॉ तन्वी गुप्ता ने बताया कि विकसित टर्नरी ब्लंडेड कंक्रीट में लगभग 30 प्रतिशत औद्योगिक अपशिष्ट सामग्री (जिसमें एओडी स्टील स्लैग और जारोसाइट शामिल है) का उपयोग किया गया है।*

### शिव महापुराण में शिव महिमा का किया गुणगान

**थानेसर।** श्रीमहंत बंशी पुरी महाराज के आशीर्वाद से श्रीस्थाणु सेवा मंडल, कुरुक्षेत्र द्वारा श्री महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में व्यास पीठ से प्रवचन करते हुए पंडित राजेंद्र पराशर ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव अत्यंत दयालु हैं और अपने भक्तों पर शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। श्रद्धा भाव से अर्पित किया गया एक लोटा जल भी भक्तों की अनेक समस्याओं का समाधान करने की शक्ति रखता है। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण की कथा एवं उपासना अत्यंत कल्याणकारी है तथा सोमवार का व्रत रखने से मनुष्य की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। जो श्रद्धापूर्वक शिव कथा को सुनता और सुनाता है, वह शिवलोक को प्राप्त करता है। पंडित पराशर ने कहा कि शिव महापुराण का श्रवण परम मंगलकारी है। इससे विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं तथा अनेक प्रकार के कष्ट और व्याधियों का नाश होता है। कथा के दौरान महिला मंडल ने भजनों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

## इमरजेंसी को लेकर भाजपा आज मनाएगी काला दिवस, रेलवे स्टेशन पर लगाई जाएगी प्रदर्शनी

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 जून को देशभर में काला दिवस मनाया जाएगा। इसी कड़ी में कुरुक्षेत्र में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस विषय को लेकर भाजपा कार्यालय में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, जय भगवान शर्मा, प्रदेश सचिव राहुल राणा शामिल हुए। पूर्वमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नई पीढ़ी को लोकतंत्र के महत्व और आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उस दौरान विपक्ष के जिस किसी नेता ने भी आवाज उठाई उसको जेल में बंद कर दिया गया और उसको प्रताड़ति किया। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जिन लोगों को प्रताड़ति किया गया उनको कल पंचकूला में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सम्मानित करेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ था और हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया था। पार्टी की ओर से आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले और प्रताड़ति हुए लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें आपातकाल से जुड़े दस्तावेज, तस्वीरें और ऐतिहासिक जानकारियां प्रदर्शित की जाएंगी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ : जगमोहन

**जिले की 5 आईटीआई में 1400 सीटों पर 26 व्यवसायों में किए जाएंगे दाखिले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा जिला कुरुक्षेत्र के सभी राजकीय व निजी औद्योगिक शिक्षण संस्थानों सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इनमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र, (महिला) कुरुक्षेत्र, शाहाबाद (महिला), शाहबाद तथा पिहोवा संस्थान शामिल हैं। जिले की इन 5 आईटीआई में लगभग 1400 सीटों पर लगभग 26 व्यवसायों में दाखिले किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी आठवीं, दसवीं व 12वीं पास कर चुके है, वे इन औद्योगिक



प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन फार्म भरने यानी आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक बढ़ा दी गई है। सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रक्रिया में अपने आवश्यक दस्तावेजों जिनमें 10वीं व 12वीं की अंक तालिका प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज फोटो, ईमेल आईडी, स्थाई मोबाइल नंबर से सही व दुरुस्त जानकारी ही भरें, ताकि बिना किसी परेशानी के आसानी से फॉर्म भरकर दाखिला प्राप्त किया जा सके। प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि प्रार्थी निदेशालय द्वारा निर्धारित फीस भरकर अपना दाखिला फॉर्म तिथि 30 जून 2026 तक संस्थान में आकर निःशुल्क भरवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि संस्थान में ड्यूल सिस्टम ट्रेनिंग, रोजगार हेतु प्लेसमेंट सैल, मारुति द्वारा तैयार हाई टेक लैब व अन्य युवा गतिविधियां भी उपलब्ध है। दाखिला के लिए व्यवसाय दाखिला पोर्टल पर अभी अपडेट नहीं हुए है। अपडेट होने उपरांत ही अभ्यर्थी पोर्टल पर दाखिला के लिए व्यवसायों का चयन कर पायेंगे।



## एचपीसी वर्कर यूनियन की मांगों को लेकर बैठक, आंदोलन की दी चेतावनी

**पिहोवा।** एएचपीसी वर्कर यूनियन द्वारा उपमंडल अधिकारी, सब अर्बन सब डिवीजन नंबर-1, मुर्तजापुर के कार्यालय के समक्ष कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर गेट मीटिंग आयोजित की गई। तीसरे दिन की गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान मुकेश गोस्वामी ने की तथा संचालन सब यूनिट सचिव श्री मोहिंदर वर्मा ने किया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन ने कहा कि डेरा बाजीगर को शिकायत केंद्र भेरियां में तैनात करने के आदेश अनुचित हैं, क्योंकि भेरियां केंद्र काफी दूर पड़ता है जबकि उसके निकट अन्य शिकायत केंद्र उपलब्ध हैं। यूनियन ने राहुल एएलएम के जीएससी से भेरियां तबादले का भी विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि एक ओर जीएससी में कार्यभार अधिक होने के कारण एमसीओ का कार्य शिकायत केंद्र पर संचालित होने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर वहां से कर्मचारी को हटाया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यूनियन ने मांग की कि एमसीओ का कार्य जीएससी में ही संचालित किया जाए तथा मेडिकल डिस्क की समस्या से पीड़ति कर्मचारी महेन्द्र वर्मा एएफएम को कार्यालय में बैठकर किए जाने वाले कार्य की जिम्मेदारी दी जाए। यूनिट सचिव गुरचरण संधू ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान वार्ता के माध्यम से शीघ्र किया जाए।

## हरियाणा कृषि विवि के तहत बनाए जाने वाले सेंटर के लिए जगह का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि गीता की धरती कुरुक्षेत्र में वैदिक ज्ञान एवं आधुनिक मैनेजमेंट की शिक्षा के लिए एक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जाए। इस सेंटर में वैदिक कृषि, पारंपरिक धंधे, कारीगरी, आधुनिक मैनेजमेंट प्रणाली का एक समेकित संस्थान हमारे समग्र चिंतन का आधार होगा। इस सेंटर को कुरुक्षेत्र के गांव मथाना में हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तहत बनाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को गांव मथाना में बनाए जाने वाले सेंटर को लेकर जगह का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ डीडीपीओ विकास, बीडीपीओ रूबल व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस केंद्र को सुकृत नाम दिया गया है। इसमें कौशल विकास एवं प्रबंधन, उद्यमिता, कृषि, शोध, नवसृजन और प्रौद्योगिकी को शामिल किया जाएगा। युवा यहां पर कृषि से संबंधित विषयों के डिप्लोमा से ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी तक की पढ़ाई को शामिल किया जाएगा।

**धर्म-कर्म** व्रत से सम्पूर्ण वर्ष की सभी एकादशियों के बराबर मिलता है पुण्य फल

# सच्ची श्रद्धा व भक्ति का निर्जला एकादशी में है महत्त्व : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर के पिपली (कुरुक्षेत्र) के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा के अनुसार गुरुवार 25 जून 2026, स्वाति नक्षत्र,शिव योग और तुला राशि चन्द्रमा में निर्जला एकादशी मनाई जाएगी क सभी एकादशियों में श्रेष्ठ महत्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का है। इसे निर्जला, पांडव और भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं। निर्जला एकादशी को भगवान विष्णु के लिए व्रत रखा जाता है। सच्ची श्रद्धा और भक्ति का निर्जला एकादशी में महत्त्व है । मान्यता है इस व्रत से सम्पूर्ण वर्ष की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य फल मिलता है।

### भीमसेनी एकादशी क्यों कहते हैं?



महाभारत की एक प्रचलित कथा के अनुसार भीम ने एकादशी व्रत के संबंध में वेदव्यास से कहा था मैं एक दिन तो क्या, एक समय भी खाने के बिना नहीं रह सकता हूं, इस कारण से मैं एकादशी व्रत का पुण्य प्राप्त नहीं कर संकूगा। तब वेदव्यास ने ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी के बारे में बताया। उन्होंने भीम से कहा कि तुम इस एकादशी का व्रत करो। इस एक व्रत से तुम्हें सभी एकादशियों का पुण्य मिल जाएगा। भीम ने इस एकादशी पर व्रत किया था, इसी कारण से इसे भीमसेनी एकादशी कहते हैं।

### निर्जला एकादशी पर क्या करें

- भगवान विष्णु का मंत्र /"ॐ नमो भगवते वासुदेवाय /" का जाप करना हुत शुभ होता है।
- भगवान विष्णु को पीले रंग के कपड़े, फल और अन्न अर्पित करना चाहिए।
- श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ करना भी उत्तम होता है।
- यदि निर्जला एकादशी का व्रत न भी कर पाएं तो भी अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान अवश्य करें।
- गाय सेवा ,जीव जन्तुओं और असहायों की सेवा करें।
- गरीबों और ब्राह्मणों को कपड़े, छाता, जूता, फल, मटका, पंखा, शर्बत, पानी, चीनी आदि का दान श्रद्धा पूर्वक करना चाहिए।

### निर्जला एकादशी पर क्या नहीं करना चाहिए ?

- क्रोध, झूठ और वाद विवाद से दूर रहें।
- तुलसी के पत्ते एकादशी को नहीं तोड़ें।
- नकारात्मक विचारों और बुरे कर्मों से दूर रहना चाहिए।
- तामसिक भोजन, मांस-मदिरा और लहसुन-प्याज का सेवन मत करें।
- किसी व्यक्ति का अपमान मत करें और कटु वचन बोलने से बचें।

## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों का आज होगा समाधान

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के कार्यकारी अभियंता कार्यालय में 25 जून को उपरोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए 25 जून दिन वीरवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। डिविजनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता करेंगे।

### नालों और ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने आज दूसरे दिन भी अंबाला शहर मे विभिन्न नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम दर्शन ने सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत जन स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई, सिंचाई विभाग व नगर निगम के अंतर्गत आने वाले नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

### 31 जुलाई तक करें आवेदनः उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है।

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय था आपातकाल, सात लाख हुए बेघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने आपातकाल के काले अध्याय का स्मरण करते हुए कहा कि वर्ष 1975 के आपातकाल (21 महीने) के समय में न कोई प्रेस, न कोई कार्यपालिका और न ही कोई विधानपालिका थी। उस समय एक ही कहावत थी कि "खाता न कोई बही, इंदिरा जो कहे वो सही" यानि 21 महीने काला दौर चला। पूर्व राज्यमंत्री बुधवार को अंबाला शहर के लोक निर्माण विश्राम गृह में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर अक्षिता सैनी, महामंत्री विवेक गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। इस से पूर्व उन्होंने भाजपा सदस्यों, भाजपा कार्यकर्ताओं व शहर वासियों के साथ नगर निगम अंबाला शहर परिसर में "आपातकाल के काले अध्याय" के संदर्भ में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस प्रदर्शनी में तस्वीरों और दस्तावेजों के जरिए साल 1975 में नागरिकों के अधिकारों के हनन और लोकतंत्र की हत्या की पूरी दास्तां को बयां किया गया। गोयल ने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक लगभग 21 महीने आपातकाल का दौर चला। जिसे भारतीय लोकतंत्र की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है। देश को खतरे में कहकर तीन लाईन का आर्डर पास करते हुए आपातकाल लगा दिया गया। उन्होने बताया कि 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फ़ख़रूदीन अली अहमद ने संविधान के अनुछेद 352 के अंतर्गत आंतरिक अशांति के आधार पर देश में आपातकाल घोषित कर दिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि इस समय में लगभग 7 लाख लोगों को बेघर कर दिया गया। जुलम की प्रकाष्ठा करते हुए पुरूषों की जबरन नसबंदी तक की गई। लोगों को काफी यातनाएं दी गई। इस मौके पर यह भी कहा कि इंदिरा गांधी के तानाशाही कार्यकाल का अंत भी हुआ और कांग्रेस ने जो यातनाएं आपातकाल के समय में दी थी उसका कहीं भी जिक्र नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस इतिहास को छुपाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व बनता है कि जिन लोगों ने आपातकाल के समय में यातानाएं झेली उसके बारे जन-जन को बताने बारे जागरूक करने की आवश्यकता है। देश को आजाद करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वालो को स्वतंत्रता सेनानी कहा गया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए असीम गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया गया है, पारदर्शी तरीके से सभी को पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि 1977 में जनता पार्टी की जीत केवल सरकार बदलने की घटना नहीं थी, वह भारत की जागृत जनता, संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों, लोकतंत्र के लिए संघर्ष करने वाले लाखों कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता की भावना की विजय थी। आपातकाल का अंत इस सत्य की पुनः स्थापना था कि भारत में अंतिम सत्ता किसी व्यक्ति या दल की नहीं बल्कि संविधान व जनता की है।



**अंबाला।** नगर निगम में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पंजाब में बढ़ा मुख्यमंत्री नायब सैनी का प्रभाव

पंजाब में उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। कांग्रेस को नायब फोबिया हो गया है। इन्हें उनसे डर लग रहा है। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें सभी को बराबर को मान-सम्मान देने का काम किया जाता है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में हर वर्ग का उत्थान किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मेयर अक्षिता सैनी, निगम सदस्य हितेष जैन, मनीष आनंद मन्नी,विशाल राणा,बरखा सहोता,वरिंदर नाथ,राजेश मेहता,मोनिका मल,अमन सूद,आशु सैनी,अजय चावला,मुकेश कुमार,जिप चेयरमैन मक्खन सिंह,विवेक गुप्ता,संजीव गोयल टोनी, चंदमोहन फौजी भी मौजूद रहे।



**अंबाला।** प्रतियोगिता के दौरान भिड़ती खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## फुटबॉल लीग प्रतियोगिता पर केंद्रीय विद्यालय का कब्जा

- पीएम श्री केंद्रीय स्कूल नंबर 2 में आयोजित प्रतियोगिता, संभाग स्कूलों की खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में आयोजित केंद्रीय विद्यालय संगठन की बालिका वर्ग की संभाग स्तरीय फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया।

समापन दिवस पर खेले गए पहले मुकाबले में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 तथा केंद्रीय विद्यालय योल कैंट की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। यह मुकाबला 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे मुकाबले में मेजबान विद्यालय पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 तथा केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 की टीमों के मध्य कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और मैच शून्य की बराबरी पर समाप्त हुआ। लीग प्रतियोगिता के समापन पर केंद्रीय विद्यालय योल कैंट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 को द्वितीय स्थान। मेजबान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। समापन समारोह में विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक गौरव चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया।

### उज्ज्वल भविष्य की कामना

विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते उन्हें निरंतर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में चल रहा है एसआईआर का कार्य

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| अंबाला

- एचडीएफ के कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग को भेजी शिकायत, तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की

अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में चल रही विशेष मतदाता पुर्ननिरीक्षण प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक पक्षपात और सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में कार्य किए जाने के आरोपों को लेकर हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट ने चुनाव आयोग को विस्तृत शिकायत भेजकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 24 जून को आयोजित एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सत्ताधारी दल से जुड़े बीएलए-1 और बीएलए-2 प्रतिनिधियों को प्राथमिकता देते हुए बैठने तथा प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। जबकि विपक्षी दल हरियाणा डेमोक्रेटिक फ्रंट के बड़ी संख्या में उपस्थित बीएलए प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रक्रिया से वंचित रखा गया। शिकायत में कहा गया है कि उन्हें यह कहकर कार्यक्रम स्थल से बाहर कर दिया गया कि बाद में अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिकायतकर्ताओं के अनुसार एसडीएफ के बीएलए प्रतिनिधि एसआईआर प्रक्रिया के आरंभ से ही बूथ लेवल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनके साथ कथित रूप से किया गया व्यवहार निष्पक्ष प्रक्रिया की भावना के विपरीत है। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



**अंबाला।** शिकायत भेजते एचडीएफ के कार्यकर्ता।

## हरदीप फिल्म्स एंटरटेनमेंट यूके की प्रस्तुति फ्लैटमेट्स ने मचाया धमाल

**पंचकूला।** चौपाल एप्प पर बीते रोज 23 जून को हरदीप फिल्म्स एंटरटेनमेंट यूके की ताज़ा प्रस्तुति फ्लैटमेट्स ने रिलीज़ होते ही धमाल मचा दिया है। इस बाबत आज चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस नई प्रस्तुति के बारे में जानकारी देते हुए वेब सीरीज़ के निर्माता हरदीप सिंह और निर्देशिका दीप्ज कौर ने बताया कि फ्लैटमेट्स सिचुएशनल कॉमेडी वेब सीरीज है। उन्होंने वेब सीरीज की कॉस्ट एंड क्रू के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि सीरीज में नरदीप बैंस, अरूणदीप सिंह, प्रिया अरोड़ा, वर्षा डांगी, गुरजांत भंगू, राज ढालीवाल, सत्ता ढिल्लों (कुलदीप सिंह) और जोबन ढालीवाल प्रमुख भूमिकाओं में हैं जबकि सीरीज के डीओपी एमी धोट, एसोसिएट डायरेक्टर दीप भुल्लर तथा एडिटर सिनेटोन मीडिया हैं। कहानी नरदीप बैंस द्वारा लिखी गई है, जबकि स्क्रीनप्ले और संवाद बिक्रम ने तैयार किए हैं।उन्होंने बताया कि 5 एपिसोड की इस सिचुएशनल कॉमेडी वेब सीरीज की कहानी डेवी और गैवी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने फ्लैट से निकाले जाने के बाद एक महीने के लिए रिया और तारुषि के साथ एक अपार्टमेंट शेयर करना पड़ता है। झगड़ों, एडजस्टमेंट और मजेदार परिस्थितियों के बीच अजनबी दोस्त बन जाते हैं, जिससे उनका अंतिम अलविदा भावुक और यादगार बन जाता है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वेब सीरीज की पूरी टीम मीडिया से रूबरू हुई और फ्लैटमेट्स के निर्माण, कलाकारों के अनुभव तथा दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया पर अपने विचार सांझा की।




# मानसून सीजन सिर पर, नदियों की सफाई की गति बेहद धीमी

### विधायक पूजा चौधरी ने सफाई के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मानसून सीजन नज़दीक आ चुका है लेकिन क्षेत्र की नदियों और नालों की सफाई का कार्य अभी तक संतोषजनक गति से नहीं हो पाया है। बेगना नदी पर तो अभी तक खुदाई का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। जिन नदियों पर खुदाई चल रही है वह भी बहुत धीमी गति से चल रही है जिसके कारण किसानों और आम जनता में संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। विधायक पूजा नदियों की सफाई को लेकर राज्य सरकार पर हमला किया है। इससे पहले विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में बहने वाली नदियों टांगरी, बेगना व मारकंडा की खुदाई का जायज़ा लिया। विधायक ने कहा कि हर वर्ष बरसात के मौसम में क्षेत्र के अनेक गांवों और शहरों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद सरकार और संबंधित विभागों द्वारा नदियों की सफाई, गाद निकालने तथा तटबंधों को मजबूत करने के कार्य में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।



**मुलाना।** नदी की खुदाई का जायजा लेती विधायक पूजा।

### कार्य की नियमित समीक्षा की जाए

विधायक ने मांग की कि संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए जाएं और कार्य की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि मानसून के दौरान लोगों को जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## बुजुर्ग से 50,000 लूट का आरोपी चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार



**अंबाला।** सीआईए 1 ने मुस्तैदी दिखाते हुए बुजुर्ग महिला से पचास हजार की राशि लूटने वाले आरोपी को महज 24 घंटे में ही काबू कर लिया। लूट का शिकार हुई महिला बैंक से पैसे निकालकर घर जा रही थी। बुजुर्ग महिला ने अपने घरेलू काम के लिए 'बैंक ऑफ बड़ौदा' जंडली से 50,000 की नकदी निकलवाई थी। आरोपी पहले से ही बैंक के आसपास रेकी (निगरानी) कर रहा था। जैसे ही बुजुर्ग महिला पैसे लेकर अकेली अपने घर की तरफ रवाना हुई, आरोपी ने सूना मौका पाकर महिला से 50,000 की नकदी लूटकर फरार हो गया। महिला की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-9 पुलिस ने मामला दर्ज किया। जांच की जिम्मेदारी सीआईए-1 को सौंपी गई। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि जांच टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों और सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाया आरोपी को धर दबोचा।पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रीत कॉलोनी के कमल सागरके रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि वारदात में लूटे गए रूपयों की बरामदगी की जा सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### अंबाला में एसआईआर का काम लगातार जारी

**अंबाला।** एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करवा रहे हैं। प्रत्येक मतदाता को अपने प्रपत्र में सही एवं जानकारी भरकर उसे निर्धारित समय पर बीएलओ को सौंपना होगा।

## तीस लाख रुपये के आभूषण चोरी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीआईए-2 ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है। पुलिस ने डिफेंस कॉलोनी में हुई सोना चांदी जेवरात चोरी के मामले में संलिप्त तीसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अशोक उर्फ सोका निवासी डेहा कॉलोनी, राजपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दलेल सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता विनय गोयल ने 4 जून 2026 को थाना पंजोखरा साहिब में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार दोपहर जब वे किसी काम से बाहर गए थे, तब चोरों ने उनके सूने मकान का फायदा उठाकर मुख्य द्वार और अलमारियों के ताले तोड़ दिए।




**अंबाला।** चोरी के आरोप में पकड़ा गया शातिर आरोपी अशोक।

### जांच जारी

जांच में सामने आया है कि आरोपी अशोक उर्फ सोका एक शातिर चोर है, जिसके खिलाफ पहले भी पंजाब के विभिन्न थानों में चोरी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## जायज वोट के सत्यापन के साथ गलत को कटवाएं सभी मतदाता

**नारायणगढ़।** पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कुमार मेहता ने कहा कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के दौरान जागरूक मतदाताओं का दायित्व केवल अपनी वोट तक सीमित नहीं है बल्कि उन्हें सही मतदाता सूची तैयार करने में बीएलओ का सहयोग करना चाहिए। इसमें उनकी अपनी वोट के साथ-साथ हर जायज वोट का सत्यापन और हर गलत वोट का कटना सुनिश्चित हो। हर मतदाता को इस प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मेहता ने कहा कि हमारा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर वोट का अपना विशेष महत्व है इसलिए मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल आधारशिला है। यदि मतदाता सूची में त्रुटियां हों, पात्र मतदाताओं के नाम छूट जाएं अथवा गलत विवरण दर्ज हों तो इसका सीधा प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर पड़ता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह अपने मतदाता विवरण की जांच कर उसे सही करवाए।



## सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध

# राजकीय आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ, छात्रों को रोजगार देने वाली ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भारांपुर के प्रधानाचार्य सुल्तान सिंह ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। संस्थान में विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी व्यवसायों में प्रशिक्षण उपलब्ध है। प्रधानाचार्य ने बताया कि संस्थान में कोपा, ड्रेस मेकिंग, पलंबर, वेल्डर, शीट मेटल वर्कर, वुड वर्क टेक्निशियन, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग टेक्निशियन, वायरमैन, आई एंड सीटीएसएम व पेंटर जनरल जैसे लोकप्रिय ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार, अप्रेंटिसशिप तथा स्वरोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। संस्थान में आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही समय-समय पर प्लेसमेंट, औद्योगिक भ्रमण, कौशल प्रतियोगिताएं तथा व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।



**शहजादपुर।** आईटीआई का बाहरी दृश्य।

### निःशुल्क आवेदन की सुविधा

*प्रधानाचार्य ने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे तकनीकी शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने हेतु राजकीय आईटीआई भारांपुर में प्रवेश लें। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए किसी भी कार्य दिवस में संस्थान कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया की विद्यार्थियों कि सुविधा के लिए संस्थान में हेल्प डेस्क बनाये गए हैं जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के लिए निशुल्क आवेदन की सुविधा दी जा रही है।*

### बाइक सवार को मारी टक्कर, 12वीं कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत

**अंबाला।** शहर के सेक्टर-9 में रात बुलेट ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर पिता के पीछे बैठे अभिजोत (16) की मौत हो गई। अभिजोत अपने पिता के साथ घरेलू काम से जा रहा था। हादसे में सिर के बल सड़क पर गिरने से छात्र को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बुलेट चालक के खिलाफ के दर्ज कर लिया है। सेक्टर-10 के गुरविंद्र सिंह ने बताया कि वह खेती-बाड़ी करते हैं। बेटा अभिजोत सिंह मुरलीधर डीएवी में 12वीं कक्षा का छात्र था। रात करीब 9:15 बजे बेटे अभिजोत को अपनी बाइक के पीछे बैठाकर किसी निजी काम से सेक्टर-9 की मार्केट जा रहे थे। रात करीब 9:25 बजे जब पिता-पुत्र अपनी बाइक से उधम सिंह चौक से थोड़ा आगे सेक्टर-9 मार्केट की तरफ बढ़ रहे थे।